अनुस्मारक सी0एम0 संदर्भ/तत्काल

संख्या-13/सी.एम.-16(1)/84-डे0ई0-15-सी0एम0-16/2015

प्रेषक,

शिव शंकर द्विवेदी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 मई,2015

विषयः- श्री सतीश कुमार वर्मा प्रबन्धक, (मण्डल प्रभारी), उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम गेहूँ/धान- क्रय, मेरठ मण्डल का स्थानान्तरण प्रभारी मण्डल डिपो व्यवसाय, मेरठ मण्डल अथवा सहारनपुर मण्डल में किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-16/84-डे0ई0-15-सी0एम0-16/15 दिनांक 09-04-2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में शासन के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 09-04-15 में आपसे की गयी अपेक्षानुसार कृत कार्यवाही की सूचना शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(शिव शंकर द्विवेदी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/